# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 261 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 23 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## फिल्मी स्टाइल में तस्करी का 'मास्टर प्लान' फेल:

# लग्जरी कारों पर पुलिस-डिफेंस के लोगो, फिर भी 24 घंटे में ध्वस्त नेटवर्क

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**कपिल श्याम विजय ।** कभी फिल्मों में देखा होगा शातिर तस्कर, लग्जरी कारें, नकली पहचान और त्योहारों की आड़... लेकिन बिजौलिया पुलिस ने इस बार असल जिंदगी में ही इस 'क्राइम स्क्रिप्ट' का क्लाइमेक्स बदल दिया। महज 24 घंटे में 5 जगह दबिश देकर भीलवाड़ा जिले की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

इस हाई-प्रोफाइल ऑपरेशन में पुलिस ने 227.320 किलो अफीम डोडा चूरा जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 34 लाख रुपए आंकी गई है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल हो रही 5 लग्जरी कारें भी जब्त की गईं।

**लोगो का खेल: पुलिस, डिफेंस, एडवोकेट और डॉक्टर नामों से ढाल**

तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए बेहद चालाक तरीका अपनाया था। वे अपनी कारों पर 'पुलिस ', 'डिफेंस ', 'एडवोकेट' और 'डॉक्टर' जैसे लोगो लगाकर बेखौफ सड़कों पर घूम रहे थे, ताकि किसी को शक न हो। त्योहारों के दौरान बढ़ी




आवाजाही का फायदा उठाकर वे तस्करी को अंजाम दे रहे थे।

**एएसआई की सूचना बनी 'टर्निंग पॉइंट'**

इस पूरे ऑपरेशन की शुरुआत हुई एएसआई नरेश सुखवाल की सटीक खुफिया सूचना से। जैसे ही सूचना मिली, पुलिस हरकत में आई और योजनाबद्ध तरीके से पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कस दिया। यही सूचना इस बड़ी कार्रवाई का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

**24 घंटे में 5 जगह रेड, तस्करों में मचा हड़कंप**

थानाधिकारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में 21-22 मार्च को एनएच-27, केसरगंज, चम्पापुर, छोटी बिजौलिया और सलावटिया में लगातार एक्शन लिया गया



केसरगंज कट: पोलो कार से 45.640 किलो डोडा चूरा, मोहनलाल जाट गिरफ्तार

चम्पापुर: फ्रॉक्स कार से 43.740 किलो, जीतराम बैरवा गिरफ्तार

छोटी बिजौलिया: आई-20 कार से 46.440 किलो, चालक फरार

सलावटिया: वेन्यू कार से 46.050 किलो बरामद

सलावटिया (दूसरी कार्रवाई): इग्निस कार से 45.450 किलो जब्त

**त्योहारों की आड़, लेकिन पुलिस की नजर से नहीं बच सके**

तस्कर ईद और गणगौर जैसे बड़े त्योहारों की भीड़-भाड़ और व्यस्तता का फायदा उठाकर अपने नेटवर्क को संचालित कर रहे थे, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी ने उनकी हर चाल को नाकाम कर दिया।

**टीम वर्क से टूटा तस्करी का जाल**

इस बड़े ऑपरेशन में पुलिस टीम के कई जवानों ने अहम भूमिका निभाई, जिनमें सुनील बेनिवाल, लक्ष्मण सिंह, गोपाललाल, रामसिंह, हेमाराम, नरेन्द्र, जितेन्द्र, राजवीर, विश्राम, मनोज, रणजीत और रवि सिंह शामिल रहे।

**अब फरार आरोपियों की तलाश जारी**

जांच में सामने आया कि तस्कर लगातार रूट और गाड़ियां बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहे थे। फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश जारी है और पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तस्करों के बीच दहशत का माहौल है ।

## भीलवाड़ा डीएसटी की बड़ी कार्रवाई: 25 हजार का इनामी टॉप-10 अपराधी भैरू झोपड़ा गिरफ्तार

### हत्या व हत्या के प्रयास सहित 20 मामलों में वांछित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**पुनीत चपलोत ।** जिले की डीएसटी (डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम) ने एक बड़ी और अहम कार्रवाई करते हुए राज्य स्तर के टॉप-10 वांछित अपराधी भैरू लाल उर्फ भैरू झोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था और लगातार अपनी लोकेशन बदलकर गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था।

आरोपी पर भीलवाड़ा पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये और चित्तौड़गढ़ पुलिस द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार प्रयासरत थी।

**हिस्ट्रीशीटर और शातिर अपराधी:**

पुलिस के अनुसार भैरू झोपड़ा थाना गंगरार (जिला चित्तौड़गढ़) का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, लूटपाट और मादक पदार्थ तस्करी जैसे गंभीर अपराधों के करीब 20 मामले दर्ज हैं। आरोपी क्षेत्र में लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और कई मामलों में वांछित चल रहा था।

**गंभीर वारदातों में रहा शामिल:**

आरोपी चित्तौड़गढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र में एक एएसआई के पुत्र की हत्या के मामले में वांछित था। इसके अलावा भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के प्रकरण में भी उसकी तलाश की जा रही थी।

**रंजिश के चलते किया था जानलेवा हमला:**

प्रकरण के अनुसार 30-31 मई 2024 की मध्य रात्रि को स्वरूपगंज चौराहे के पास एक होटल पर चाय पी रहे प्रहलाद जाट पर आरोपी और उसके साथियों ने हमला कर दिया था। दो स्कॉर्पियो गाड़ियों में आए बदमाशों ने लोहे की सरियों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे प्रहलाद गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में उसके हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए और शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं।

हमलावरों ने मारपीट के दौरान सोने की चैन, नकदी और जरूरी दस्तावेज भी छीन लिए। घायल को पहले भीलवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर अहमदाबाद रेफर किया गया।

**ऐसे हुई गिरफ्तारी:**

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर वांछित और इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन और सीओ सदर माधव उपाध्याय के मार्गदर्शन में डीएसटी टीम का गठन किया गया।

टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड विश्लेषण, मुखबिर तंत्र और परंपरागत पुलिसिंग के समन्वय से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। लगातार पीछा करते हुए टीम ने आखिरकार आरोपी को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया।

**गठित पुलिस टीम में ये थे शामिल :**


पुलिस निरीक्षक एवं डीएसटी प्रभारी कन्हैयालाल, हेड कांस्टेबल कालूराम धायल,
कांस्टेबल राकेश भंडारी (विशेष योगदान),
कांस्टेबल बनवारीलाल, कांस्टेबल घीसूलाल (विशेष योगदान)

## नाले के पास मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी,पुलिस जुटी जांच में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**( पुनित चपलोत )**

शहर के आदर्श नगर एरिया में नाले के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। इधर से गुजर है कुछ लोगों ने जब युवक का शव नाले के पास देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। इधर युवक का शव मिलने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया ओर जांच भी शुरू की।मामला भीमगंज थाना क्षेत्र का है, यहां आदर्श नगर में बदलेश्वर महादेव मंदिर के पास नाले के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनीफैल गई, इधर से गुजर रहे कुछ लोगों ने जब नाले के पास युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची मृतक की पहचान



ईश्वर मोची ( 27 ) के रूप में हुई है । बताया जा रहा है कि मृतक पिछले एक साल से अपनी मां के साथ पास में ही किराए के मकान में रहता था ओर मजदूरी करता था। पुलिस ने मृतक की मां को बुलवाकर जानकारी जुटाई है। युवक की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चला सकेगा।

## नाकाबंदी तोड़कर भागी थार का आरोपी गिरफ्तार, देशी कट्टा बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में नाकाबंदी तोड़कर फरार हुई थार कार के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा भी बरामद किया है।

पुलिस ने कार्रवाई शक्करगढ़ थाना प्रभारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की घटना बीती 14 मार्च 2026 की है, जब मांडलगढ़ और बिगोद पुलिस से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की थार गाड़ी में सवार 3-4 बदमाश तेज गति से काछोला की ओर आ रहे हैं। बदमाशों ने गोपालपुरा टोल नाका तोड़ दिया और पुलिस द्वारा रोके जाने के प्रयास के बावजूद वाहन को कच्चे रास्ते से भगाकर आगे ले गए।

रामपुरा गांव के पास तालाब की पाल आने पर आरोपी गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। इस दौरान एक बदमाश के हाथ में हथियार भी देखा गया। मौके पर वाहन की तलाशी में दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिस पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

पुलिस टीम ने तकनीकी और स्थानीय स्तर पर लगातार तलाश जारी रखी। आखिरकार 21 मार्च को आरोपी राधे उर्फ अमित परिहार (30) निवासी सिहोली, महाराजपुरा, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक देशी कट्टा भी जब्त किया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी पुरणमल, हेड कांस्टेबल बिहारीलाल, कांस्टेबल गजवीर, लोकेश और रामराज की विशेष भूमिका रही। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और मामले में आगे की जांच जारी है।

## 'सरस' के नाम पर नकली घी का काला कारोबार बेनकाब,31 टीन नकली घी जब्त, फैक्ट्री सील, आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**( पुनित चपलोत )** सुभाषनगर थाना पुलिस ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली घी बनाने की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में वनस्पति घी, कॉटन सीड्स ऑयल और नामी ब्रांड 'सरस' के नकली रैपर व पैकिंग सामग्री जप्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### मुखबिर की सूचना पर दी दबिश

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार मिलावटखोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई ने बताया कि कांस्टेबल सोनू कुमार (1398) को सूचना मिली थी कि सुभाषनगर पश्चिम विस्तार में बायोस्कोप के सामने वाली गली में स्थित मकान नंबर 5, 6, 7 में अवैध रूप से नकली घी बनाया जा रहा है।

सूचना पर पुलिस ने सीएमएचओ कार्यालय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव और सरस डेयरी के प्रतिनिधियों को साथ लेकर मौके पर छापेमारी की

### भारी मात्रा में सामग्री और उपकरण जप्त

मौके पर आरोपी शंकर मगरिन्दा (45) निवासी मलाण, सुभाषनगर को मिलावटी घी तैयार करते हुए पाया गया। पुलिस ने वहां से 31 टिन तैयार नकली घी, 32 टिन जैमिनी वनस्पति और 18 टिन रिश्ता कॉटन सीड्स ऑयल 125 कुल टिन (भरे और खाली मिलाकर), सरस डेयरी के नकली हॉलमार्क, लेबल, कार्टून, पैकिंग मशीन और भट्टी जब्त की गई।





जांच में सामने आया कि आरोपी वनस्पति और कॉटन सीड्स ऑयल को मिलाकर उसे सरस डेयरी के नाम से पैक कर बाजार में सप्लाई करता था। खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके से सैंपल लेकर एफएसएल जांच के लिए भेजे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 318 (4), 274, 275 और कॉपीराइट अधिनियम 1957 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पुलिस टीम की विशेष भूमिका

इस कार्रवाई में थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के साथ सउनि साबीर मोहम्मद, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार, कांस्टेबल सोनू कुमार (विशेष भूमिका), सुनील बिश्नोई (विशेष भूमिका), नरेश कुमार, सत्यपाल और भूपेंद्र सिंह शामिल रहे। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह यह माल किन-किन दुकानों पर सप्लाई करता था।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान की शुरुआत, वार्ड सभाओं से तय होगा विकास का रोडमैप

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**शुभम जैन।** नगर पालिका मण्डल ने शहर के समग्र विकास को गति देने के लिए 'मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान' के तहत वार्ड स्तर पर सभाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह अभियान 19 मार्च से 15 मई तक चलेगा, जिसमें हर वार्ड की जरूरतों और समस्याओं को प्राथमिकता से चिन्हित किया जाएगा।अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक वार्ड में बैठक आयोजित कर वहां की जनसंख्या, आर्थिक गतिविधियों, मूलभूत सुविधाओं, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिति और उपलब्ध संसाधनों का विस्तृत आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर वार्डवार प्रोफाइल तैयार कर विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय होंगी।

नगर पालिका क्षेत्र के सभी 25 वार्डों में अलग-अलग स्थानों पर शाम 7 बजे सभाएं आयोजित होंगी। इसकी शुरुआत 22 मार्च को वार्ड नंबर 1 में बालाजी चौराहे से होगी। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अन्य वार्डों में भी बैठकें होंगी।

अभियान के प्रभावी संचालन के लिए अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नगर पालिका ने वार्डवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सभाओं में शामिल होकर अपने क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव रखें, ताकि विकास योजनाएं जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू हो सकें।

# बानोड़ा बालाजी के दिव्य रथ का सवाईपुर व ढ़ेलाणा में किया स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** बानोड़ा बालाजी के श्री राम दिव्य रथ का क्षेत्र के सवाईपुर व ढ़ेलाणा में ग्रामीणों द्वारा रविवार को स्वागत किया गया । रामकुमार जाट ने बताया बनकाखेड़ा में आयोजित हुए श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ की शनिवार को पूर्णाहुति होने के बाद रविवार को बानोड़ा बालाजी का श्री राम दिव्य रथ त्रिवेणी के लिए आगमन हुआ, इसी दौरान क्षेत्र के ढ़ेलाणा व सवाईपुर गांव में जगह-जगह ग्रामीणों ने बालाजी के रथ का पुष्प वर्षा व आरती करके स्वागत कर आरती की । इस दौरान नाथमुनि श्रोत्रिय, श्याम सुंदर श्रोत्रिय, उदयलाल जाट, प्रहलाद सिंह, नंदराम दास वैष्णव, मोहन सिंह दया राठौड़, गोपाल लाल तेली, गोपाल तेली, नारायण लाल गाडरी, रामेश्वर लाल जाट, गुलाब टेलर, शंकरलाल जाट, महेंद्र श्रोत्रिय, सांवरमल वैष्णव, जगदीश जाट, गोविंद श्रोत्रिय, मुकेश तेली, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे ।।

# भाजपा हमीरगढ़ मंडल में प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

भाजपा हमीरगढ़ मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ जिला संगठन सहप्रभारी मिठूलाल जाट ने दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लालाराम गाडरी ने की।

प्रथम दिन भाजपा के इतिहास व बूथ प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय दिवस में सांसद दामोदर अग्रवाल ने एकात्म मानवदर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व पार्टी की विचारधारा पर प्रकाश डाला। अन्य सत्रों में अनुशासित कार्यपद्धति, सरकारी योजनाएं, संगठन विस्तार व सोशल मीडिया उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस पर स्वास्थ्य शिविर, 400 लोगों ने कराई निशुल्क जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

बिहार दिवस के अवसर पर पूर्वांचल जन चेतना समिति (ट्रस्ट) द्वारा भव्य एवं जनहितकारी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 400 लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हॉलीवुड फेम कलाकार गुलशन पांडे ने फीता काटकर किया। इस दौरान फिल्म कलाकार राजू जांगिड़ भी मौजूद रहे। आयोजन संस्थापक अध्यक्ष (ट्रस्टी) रजनीश वर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। समिति की सदस्य अनुराधा झा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य जांच के साथ पूर्वांचल की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर सम्मानित करना भी रहा।



शिविर में महात्मा गांधी चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं दीं। यहां सामान्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, न्यूरोलॉजी, दंत, आर्थोपेडिक व ईएनटी सहित विभिन्न जांचें की गईं। चिकित्सकों ने लोगों को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समापन अवसर पर गुलशन पांडे, राज जांगिड़, यूट्यूबर हंसराज कटारिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने बिहार के प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी-चोखा का स्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य शांतिलाल छापरवाल ने किया।

# जीव दया अभियान का दूसरा चरण शुरू, 100 पानी टंकियां व गौ-पात्र वितरित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा संचालित 'जीव दया अभियान' के दूसरे चरण का शुभारंभ अहिंसा भवन, शास्त्रीनगर में किया गया। इस दौरान 100 सीमेंट की पानी की टंकियां व गौ-पात्र निःशुल्क वितरित किए गए, ताकि गर्मी में पशु-पक्षियों को राहत मिल सके। मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने अभियान को सराहनीय बताते हुए इसे भारतीय संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा बताया। महंत बनवारी शरण काठिया बाबा ने जीव सेवा को सच्ची मानवता बताया।

परिषद पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि अभियान के तहत कुल 500 टंकियां वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम में विभिन्न समाजसेवियों व अतिथियों की उपस्थिति रही।

# 'राजस्थान फ़ोकस' का विमोचन : जोगणिया माता दरबार में मिला आशीर्वाद, क्षेत्र में खुशी की लहर







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**रमेश गुर्जर**

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त नए समाचार पत्र 'राजस्थान फ़ोकस' के प्रथम अंक के विमोचन पर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस शुभ अवसर पर जोगणिया माता मंदिर में प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय एवं संपादक आशिता विजयवर्गीय को भट्टों का बामणिया स्थित पंचमुखी दरबार के गुरुदेव महेंद्र जी ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।गुरुदेव महेंद्र जी ने अपने संदेश में कहा कि 'मीडिया समाज का दर्पण होता है। राजस्थान फ़ोकस निष्पक्ष और जनहित से जुड़ी खबरों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य करेगा, यही हमारी शुभकामना है। 'नगर पालिका बिजोलिया के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए समाचार पत्र की शुरुआत जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।प्रेस ट्रस्ट संरक्षक भंवर धाकड़ ने बधाई देते हुए विश्वास जताया कि 'राजस्थान फ़ोकस पत्रकारिता को नई दिशा देगा और युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। 'इस अवसर पर प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय, भीलवाड़ा फ़ोकस संवाददाता नरेश धाकड़, रमेश गुर्जर, शुभम जैन सहित कई गणमान्य लोगों ने पत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

# गणगौर प्रतियोगिता, प्रतिभागियों ने दिखाई शानदार प्रस्तुति

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गौतमधाम बापूनगर में गणगौर पर्व के अवसर पर रंगारंग गणगौर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता की संचालक सुनीता जोशी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं, जिससे आयोजन बेहद आकर्षक और यादगार बन गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक राजेश सेन (दाढ़ी वाला) एवं विजयलक्ष्मी सेन रहे। दोनों निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हुए गणगौर पर्व की महत्ता और भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता में रक्षाश्री गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर सुनीता जोशी और सोनम उपाध्याय रहीं। वहीं प्रेम आचार्य, ऋतु त्रिवेदी और रानू त्रिवेदी को विशिष्ट



प्रस्तुति के लिए सराहा गया।

इस अवसर पर पार्षद लवकुमार जोशी, पार्षद प्रशांत त्रिवेदी, प्रधानाचार्य ऊषा शर्मा, सुमित्रा जोशी, पार्वती जोशी, सुचिता गौतम, निधि त्रिपाठी, रेखा शर्मा, कुंदन शर्मा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष किशन आचार्य, विनोद जोशी, सोरभ त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी सहित कई गणमान्य नागरिक और समाजजन उपस्थित रहे।

# भाजपा नंदराय मंडल का प्रशिक्षण शिविर संपन्न, कार्यकर्ताओं को दिए संगठन और चुनावी मंत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

भाजपा नंदराय मंडल द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने संगठन मजबूती, बूथ प्रबंधन और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

द्वितीय दिवस के तृतीय सत्र की अध्यक्षता सोहन सिंह राणावत ने की, जबकि मुख्य वक्ता जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट रहे। उन्होंने बूथ प्रबंधन को चुनाव जीत का आधार बताते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का संदेश दिया।

चतुर्थ सत्र में अध्यक्षता जयसिंह गेंदलिया ने की और मुख्य वक्ता पूर्व



उपसभापति मुकेश शर्मा ने राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पंचम सत्र में अध्यक्षता रमेश शर्मा तथा मुख्य वक्ता प्रहलाद त्रिपाठी ने सोशल मीडिया के महत्व को बताते हुए कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

छठे सत्र में जगरूप गुर्जर की अध्यक्षता में शंकरलाल गुर्जर ने संगठन की कार्य पद्धति पर विस्तार से विचार रखे। वहीं सप्तम सत्र में मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूती से काम करने और आगामी पंचायतीराज चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए शिविर की सफलता पर धन्यवाद दिया। शिविर में मंडल महामंत्री दुष्यंत राजस्थला, प्रियदर्शी पारीक, विकास पाराशर, चांदमल डाड, भुवनेश चौधरी, कमलकांत पोरवाल, शंकरलाल शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व शिविर के प्रथम दिन पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, छैल बिहारी जोशी और उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।




QUICK BITES

## ऊपरमाल गुर्जर गोड़ ब्राह्मण समाज के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न, बनवारी लाल अध्यक्ष , सुनील बने महासचिव

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी**। ऊपरमाल गुर्जर गोड़ ब्राह्मण समाज के वार्षिक चुनाव गौतम वाटिका, इंदिरा कॉलोनी में शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध तरीके से सम्पन्न हुए। चुनाव में सर्वसम्मति से बनवारी लाल शर्मा को अध्यक्ष पद पर चुना गया, जबकि एडवोकेट सुनील कुमार जोशी को महासचिव निर्वाचित किया गया।

चुनाव के साथ ही समाज की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट ओम प्रकाश शर्मा, शांति लाल गुरुजी, मांगीलाल शर्मा और वेदप्रकाश तिवाड़ी को जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष के रूप में देवकीनंदन बिलू एवं शिवनारायण तिवारी को नियुक्त किया गया। सचिव पद पर ग्राम विकास अधिकारी सुरेश शर्मा तथा प्रवक्ता के रूप में अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल शर्मा को दायित्व मिला।

मीडिया प्रभारी के रूप में मानव तिवारी को नियुक्त किया गया, जबकि गौतम वाटिका प्रमुख के रूप में अरुण गुरुजी, रमेश शर्मा एवं शिरीष तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। निर्माण समिति में ओम प्रकाश बिलू, महेंद्र शर्मा, उमाशंकर शर्मा, बनवारी लाल शर्मा (थड़ोदा), कमलेश शर्मा, जितेश गुरुजी, उमेश जोशी, विनोद गुरुजी एवं भोलू व्यास को शामिल किया गया।


नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश व्यास एवं महिला मंडल अध्यक्ष के रूप में चंदकला शर्मा को नियुक्ति दी गई। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गौतम उपाध्याय, प्रभाशंकर शर्मा, मोनू शर्मा, दीपक जोशी, पूरन तिवारी, घनश्याम शर्मा, रामपाल शर्मा, विश्ववेश पांडे, अखिलेश बिलू, प्रकाश शर्मा, मोनू व्यास, किशन त्रिपाठी एवं कैलाश शर्मा (माल का खेड़ा) को शामिल किया गया।

विधि सलाहकार के रूप में ब्रह्म प्रकाश तिवारी, सुमित जोशी, निर्मल जोशी, प्रदीप शर्मा एवं गौरव शर्मा को नियुक्त किया गया। वहीं संरक्षक मंडल में पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी, मोहन लाल जोशी, रमेश गुरुजी, शांति लाल जोशी, भवानी शंकर शर्मा, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, डॉ. शक्ति नारायण शर्मा एवं लादू लाल देरा श्री को शामिल किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था चरमराई, गेट नंबर-1 पर बढ़ा दबाव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।






शहर के रेलवे स्टेशन पर इन दिनों पार्किंग व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। पुर रोड स्थित गेट नंबर-2 की पार्किंग का टेंडर समाप्त होने के बाद यहां दुपहिया और चौपहिया वाहनों की पार्किंग बंद हो गई है। इसका सीधा असर गेट नंबर-1 पर देखने को मिल रहा है, जहां वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार 15 मार्च को पार्किंग का टेंडर खत्म हो गया था। नया टेंडर जारी होने की प्रक्रिया जारी है, लेकिन अब तक किसी ठेकेदार द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई है। इसके चलते गेट नंबर-2 की पार्किंग पूरी तरह बंद पड़ी है और सभी वाहन गेट नंबर-1 की ओर शिफ्ट हो गए हैं।

गेट नंबर-1 पर बढ़ते वाहनों के कारण पार्किंग व्यवस्था भी अव्यवस्थित हो गई है। स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य और विस्तार के कारण भी यात्रियों को पार्किंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हालात यह हैं कि 'नो पार्किंग' क्षेत्र में भी दुपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। वहीं, जीआरपी चौकी स्टाफ द्वारा इस समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिए जाने से यात्रियों और उनके परिजनों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मांडलगढ़ में धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव, राजस्थानी गीतों पर झूमीं महिलाएं





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

नगरपालिका मंडल के तत्वावधान में गणगौर महोत्सव का भव्य आयोजन जालेश्वर तालाब किनारे हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की।

कार्यक्रम में राजस्थानी गीत-संगीत, घूमर नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। महिलाओं ने सखियों के साथ पारंपरिक लोकगीतों पर नृत्य कर आयोजन को जीवंत बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान आपसी प्रेम, एकता और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, अनिता सुराणा, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, नगर मंत्री मुकेश व्यास, एडवोकेट जमनालाल सेन, लादू लाल खटीक, नीलकमल पटवा, मनोज आंचलिया, सतीश खंडेलवाल, निर्मल भंडारी, महावीर लढा, बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ की प्रतिमा अनावरण को लेकर गांव-गांव पहुंचा निमंत्रण अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



**(नरेश धाकड़):** उपखण्ड क्षेत्र में इन दिनों आगामी 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले स्वर्गीय पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की प्रतिमा एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को लेकर प्रचार-प्रसार और निमंत्रण अभियान के तहत विभिन्न गांवों में दौरा किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कास्या, चंपापुर , राणा जी का गुढ़ा और दानपुरा सहित कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

इस अवसर पर उपप्रधान कैलाश धाकड़, सरपंच संघ अध्यक्ष मोहन लाल धाकड़, पूर्व सरपंच सलावटीया दुर्गालाल मेघवंसी, उपप्रधान कैलाश धाकड़, सरपंच संघ से जुड़े मोहन लाल धाकड़ (अध्यापक), मनोज धाकड़, सरपंच राणा जी का गुढ़ा भागीरथ भील, डॉ. महेश पारीक, भंवर धाकड़, पूर्व सरपंच गोपाल बैरागी, शंकर धाकड़, पूर्व सरपंच बच्चू बंजारा, जमनालाल भाट, शिवलाल भाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया जा रहा है और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## शाही अंदाज़ में सजी गणगौर की सवारी, बिजोलिया में उमड़ा जनसैलाब









भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**रमेश गुर्जर ।** गणगौर पर्व पर नगर में भव्य और आकर्षक शाही सवारी निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को उत्सवी रंग में रंग दिया। नगरपालिका और राजपरिवार के संयुक्त तत्वावधान में रावले से शुरू हुई इस सवारी को देखने के लिए दूर-दराज़ से लोग उमड़ पड़े।

सवारी के दौरान नगर की सड़कों पर आस्था और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर गणगौर का स्वागत किया। वहीं, मंदाकिनी महादेव मंदिर परिसर में की गई मनमोहक विद्युत सज्जा ने माहौल को और भी भव्य बना दिया।

शोभायात्रा रावले से रवाना होकर पंचायत चौक होते हुए मंदाकिनी महादेव मंदिर पहुंची, जहां पारंपरिक विधि से गणगौर को जल अर्पित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने 'गौर-गौर गोमती' गीतों पर पारंपरिक नृत्य कर वातावरण को जीवंत बना दिया। बाद में सवारी पुनः रावले लौट आई।

सवारी में चकरी, मसक बैंड, कच्ची घोड़ी नृत्य, सफेद घोड़ों का प्रदर्शन और ऊँटों की आकर्षक झलक ने लोगों का खासा ध्यान खींचा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, पूर्व चेयरमैन पूजा चंद्रवाल, अंकित तिवारी, हितेन्द्र राजौरा सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र पर जोगणियां माता शक्तिपीठ में पंचकुंडीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन





भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू ।

**दिनेश गुर्जर ।** चित्तौड़गढ़ क्षेत्र स्थित श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ मंदिर परिक्षेत्र में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भव्य पंचकुंडीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

महायज्ञ के अंतर्गत श्रीमद् देवी भागवत मूल पारायण, श्रीरामचरितमानस पारायण तथा नवार्ण महामंत्र जप जैसे पवित्र अनुष्ठान विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हो रहे हैं। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति का वातावरण व्याप्त है।

इस विशेष आयोजन में श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ वेद विद्यालय के बटुक भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। वेद विद्यालय के विद्यार्थी वेद मंत्रों के उच्चारण, जप एवं पारायण के माध्यम से महायज्ञ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

संस्थान अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जोशी ने बताया कि ऐसे वैदिक अनुष्ठान समाज में धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

चैत्र नवरात्रि के दौरान भगवती श्री जोगणियां माता जी के दर्शन हेतु प्रतिदिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है तथा भक्तगण यज्ञ, पाठ एवं जप में बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहे हैं।

# मंदिर चोरी का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पारोली थाना पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुए आभूषण बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई कर क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार चोरी की घटनाओं पर रोकथाम हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन एवं वृताधिकारी कोटड़ी सुरेश कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।




जानकारी के अनुसार रामलक्ष्मण पुत्र रामरतन वैष्णव निवासी बागुदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 18 मार्च को दोपहर करीब 2:30 से 3:20 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा श्री चारभुजा नाथ मंदिर बागुदार से मूर्तियों पर सजे चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। चोरी हुए सामान में चांदी का छत्र, आरती तथा चांदी की गाय सहित अन्य आभूषण शामिल थे।

मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान अशोक पुत्र भूरा लाल सोनी (55) निवासी बडलियास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुए आभूषण बरामद कर लिए।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में मुशी खां, रामेश्वर लाल, शैतान सिंह (विशेष योगदान), मनीष कुमार, भागीरथ, बंजरग लाल, सुशील कुमार, गणपत एवं प्रवीण सहित टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खेत से 5595 अफीम के पौधे बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पारोली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गेहूं के खेत से अफीम के हजारों अवैध पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से कुल 5595 हरे अफीम के पौधे जब्त किए, जिनका कुल वजन 80 किलो 400 ग्राम बताया गया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अवैध अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन एवं वृताधिकारी कोटड़ी सुरेश कुमार के सुपरविजन में थाना पारोली के थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।




पुलिस को 20 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि सरहद सरा का खेड़ा क्षेत्र में एक खेत में गेहूं की फसल के बीच अवैध रूप से अफीम के पौधे उगाए गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत की तलाशी ली, जहां गेहूं की फसल के किनारे अफीम के हरे पौधे डोडे लगे हुए पाए गए। पुलिस ने मौके से कुल 5595 छोटे-बड़े पौधे जब्त किए, जिनका वजन 80 किलो 400 ग्राम निकला।

इस संबंध में थाना पारोली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


इस कार्रवाई में थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हरिराज, कांस्टेबल भागीरथ (विशेष योगदान), मनीष, सुनील, शिवराज, श्योपाल, शैतान सिंह, मनोज और राजेश कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भीषण गर्मी की आहट के साथ आसींद में गहराया जल संकट, पशु-पक्षी पीने को मजबूर गंदा पानी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

कस्बे में गर्मी की दस्तक के साथ ही जल संकट के हालात बनने लगे हैं। एक ओर राज्य सरकार द्वारा गर्मी के मद्देनजर पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत चिंताजनक नजर आ रही है। कस्बे के उपरली हवेली के पास स्थित पशु-पक्षियों के लिए बनी प्याऊ बदहाल स्थिति में है। लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण प्याऊ में कीचड़ और गंदगी जमा हो गई है, जिससे वहां स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा।

स्थिति यह है कि गायों सहित अन्य बेजुबान पशु मजबूरी में नालियों का



दूषित पानी पी रहे हैं। इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्याऊ की तत्काल साफ-सफाई करवाई जाए और नियमित रूप से उसमें स्वच्छ पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्मी के इस मौसम में पशु-पक्षियों को राहत मिल सके।

# पूर्व विधायक विवेक धाकड की मूर्ति अनावरण से पहले तेज हुई तैयारियां, बेंगु विधायक ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**नरेश धाकड़**

बिजौलिया में 4 अप्रैल को प्रस्तावित मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की मूर्ति अनावरण समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचती नजर आ रही हैं। इसी क्रम में रविवार को बेंगु विधायक सुरेश धाकड़ ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम क्षेत्र के लिए गौरव का अवसर होगा। उन्होंने बताया कि बेंगु क्षेत्र के साथ-साथ मध्य



प्रदेश से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समारोह में शामिल होंगे, जिससे आयोजन का स्वरूप और भी विशाल होगा।

यह कार्यक्रम विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट, नया गांव बिजौलिया के तत्वावधान में आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा बीते कई दिनों से तैयारियों को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

बैठक में श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन धाकड़, भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ और ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ भी मौजूद रहे। सभी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया।विधायक सुरेश धाकड़ ने यह भी बताया कि वे 29 मार्च को एक बार फिर बिजौलिया आकर तैयारियों का पुनः निरीक्षण करेंगे और मीडिया से बातचीत कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा करेंगे।

इस अवसर पर बिजौलिया उपप्रधान कैलाश धाकड़, सरपंच संघ अध्यक्ष मोहनलाल धाकड़, थड़ौदा सरपंच राजेश धाकड़, उपरमाल धाकड़ समाज अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष औकारलाल धाकड़, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष मोहनलाल धाकड़ सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी ने एकजुट होकर तैयारियों को गति देने का संकल्प लिया, वहीं ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया।

# देवनारायण मंदिर महोत्सव में गूंजा शिक्षा का संदेश, बेटा-बेटी दोनों को पढ़ाने पर जोर





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

मोटरों का खेड़ा स्थित फान्दू की झुपड़िया में गुर्जर समाज द्वारा भगवान श्री देवनारायण के नवनिर्मित मंदिर में आयोजित पूर्णाहुति महोत्सव एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में शिक्षा और एकता का संदेश भी दे गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और यज्ञ का आयोजन हुआ तथा पूर्णाहुति के साथ भगवान श्री देवनारायण की पावन ईंटों की स्थापना की गई। पूरे परिसर में 'देवनारायण भगवान की जय' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में निकाली गई कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ निकली इस यात्रा ने आयोजन में सांस्कृतिक रंग भर दिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालासेरी डूंगरी देवनारायण जन्मस्थली के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत आधार है। गुर्जर समाज को अनिवार्य रूप से अपने बेटे-बेटियों दोनों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी प्रशासन, राजनीति, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना सके।

पोसवाल ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और किसी भी परिस्थिति में पढ़ाई में बाधा न आने दें।

कार्यक्रम में मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, पूर्व उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, नारायण गुर्जर, राष्ट्रीय संयोजक मोहनलाल खटाना, समाजसेवी देवाराम गुर्जर, सरपंच शंकरलाल गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### सिंगोली चारभुजा में 29 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

सिंगोली श्याम फूलडोल महोत्सव के तहत 29 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर मंदिर परिसर स्थित पाराशर धर्मशाला में आयोजित होगा।

गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि सिंगोली श्याम मित्र मंडल, सिंगोली श्याम सेवा संस्थान, सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा एवं सभी सिंगोली श्याम भक्तजनों के तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है।

रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर जरूरतमंदों की सेवा में सहयोग देने का आह्वान किया गया है।

### जहाजपुर में प्रशिक्षण महा अभियान संपन्न, कार्यकर्ता संगठन की जानः विधायक मीणा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी ।** दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत नगर मंडल में 24 घंटे का आवासीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन विधायक जन संवाद केंद्र पर किया गया।



शुभारंभ के अवसर पर विधायक गोपीचंद मीणा सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक मीणा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उनके बिना कोई भी लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है।

शिविर में विभिन्न वक्ताओं ने संगठन, विचारधारा और कार्यप्रणाली पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीताकुंड महादेव में मीणा समाज की अहम बैठक, शिक्षा और सुधार पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**मानव तिवारी**

क्षेत्र के सीताकुंड महादेव मंदिर परिसर में रविवार को मीणा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सोजी राम मोटिस ने की और इसमें समाज के कई प्रमुख लोग शामिल हुए।

बैठक में समाज सुधार को प्राथमिकता देते हुए कुरीतियों को समाप्त करने और शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। विशेष रूप से युवाओं को शिक्षित करने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर सहमति बनी।

सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों के तहत वर-वधुओं का पंजीकरण भी किया गया, जिससे आयोजन को व्यवस्थित रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इस दौरान सोजी राम, कैलाश, भंवरलाल, प्रमोद, वेदलाल, रतिराम, राजू, प्रकाश सहित कई समाजबंधुओं ने अपने विचार और सुझाव रखे।

### नवरात्र में जोगणियां माता धाम पर उमड़ी भक्तों की भीड़, गूंजे जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं**



**( दिनेश गुर्जर ) ।** चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर जोगणियां माता शक्तिपीठ मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं और दूर-दूर से पहुंचे भक्त माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। पूरे परिसर में 'जय माता दी' के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा पेयजल, छाया, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से की गई हैं, जिससे दर्शनार्थियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो रही है। संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी के अनुसार नवरात्र के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि भक्तों को सहज और सुरक्षित दर्शन मिल सकें। नवरात्र के चलते पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास छाया हुआ है और मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की चहल-पहल बनी हुई है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।